नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Raipur Main - 11 Oct 2025 - 11p11
epaper.navabharat.news

रग उत्सव में 60% तक की बचत के साथ बेहतरीन कृतियां

जयपुर रग्स के रायपुर स्थित रिटेल स्टोर में उठा सकते हैं अवसर का लाभ

नवभारत ब्यूरो। रायपुर।

वैश्विक स्तर पर शिल्प और सामाजिक उद्यमिता का प्रतीक बन चुके जयपुर रग्स का रग उत्सव जारी है। यह क्रिएटिविटी, कल्चर और इम्पैक्ट का भव्य उत्सव है, जिसमें 60% तक की बचत के साथ बेहतरीन कृतियां खरीद सकते हैं। इस साल के एडिशन में 14,000 से अधिक हैंडमेड रग्स का अद्भुत संग्रह शामिल है, जो भारत की बुनाई परंपराओं की आत्मा को आज की डिजाइन के साथ खूबसूरती से जोड़ता है। रायपुर में एसएस टर्निंग पाइंट, शांति सरोवर के पास कचना मोड़ के पास जयपुर रग्स का रिटेल स्टोर स्थित है। जयपुर रग्स लिमिटेड के डायरेक्टर योगेश चौधरी ने बताया कि इस वर्ष का क्यूरेशन आलम, जेनेसिस, सवाना, कॉन्कॉक्शन, दा हास, वुंडरकैमर, कलीएडो, क्लैन, बेसिस, लाकुना, एर्बे, इंडसबार, नोमैडिक थ्रेड्स, अकार, और कॉन्टूर जैसी सिग्नेचर कलेक्शंस को प्रस्तुत करता है। फेस्टिवल की सबसे खास झलक है अवॉर्ड-विनिंग मनचाहा कलेक्शन के करीब 200 अनोखे रग्स जो सीधे ग्रामीण कारीगरों की कल्पनाओं से बुने गए हैं और हर एक रग एक व्यक्तिगत और गहरी कहानी कहता है। संग्रहकर्ताओं के लिए, रग उत्सव 2025 दुर्लभ अवसर लेकर आया है : 2,000 विंटेज रग्स (30 से 50 साल पुराने) और 250 एंटीक रग्स (100 साल से अधिक पुराने)। यह इसे अपने तरह का सबसे बड़ा रग प्रदर्शनी बनाता है।